बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

65वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा के अन्तर्गत सामान्य अध्ययन (General Studies) विषय की परीक्षा दिनांक 17.02.2020 को पटना अवस्थित परीक्षा केन्द्र पर आयोजित की गयी थी। उक्त विषय की प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला '**A**', '**B**', '**C**' एवं '**D**' के सभी प्रश्नों के उत्तर दिनांक 21.02.2020 से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित (appeared) उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन उम्मीदवारों को उक्त विषय के किसी भी प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला के किसी भी प्रश्न के उत्तर पर किसी भी तरह की आपत्ति हो, तो वे इस सम्बन्ध में प्रामाणिक स्रोत/साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति/सुझाव नीचे दिये गये आपत्ति प्रपत्र में नाम, अनुक्रमांक एवं पता के साथ संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001 को स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजेंगे कि वह **दिनांक 27.02.2020 की संध्या 5.00 बजे तक** बिहार लोक सेवा आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जाए। **लिफाफा पर विज्ञापन संख्या, परीक्षा का नाम (आपत्ति आवेदन) अवश्य लिखें।** उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव पर विचार नहीं किया जायगा।

आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये उत्तर पूर्णतः औपबंधिक (Provisional) हैं। उपर्युक्त निर्धारित तिथि तक आपत्तिकर्ताओं से प्राप्त आपत्ति की गहन समीक्षा विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा की जायेगी और गहन समीक्षोपरान्त सभी प्रश्नों का अन्तिम आदर्श उत्तर तैयार किया जायेगा। विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा तैयार किये गये उक्त अन्तिम आदर्श उत्तर का आयोग द्वारा अनुमोदनोपरान्त उसके आधार पर ओ॰एम॰आर॰ उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का मूल्यांकन किया जायेगा।

आपत्ति प्रपत्र

65वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता पुनर्परीक्षा

अनुक्रमांक .... **नाम** .... **प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला** ....

क्र॰सं॰	प्रश्न संख्या	औपबंधिक उत्तर	उम्मीदवार द्वारा सुझाया गया उत्तर	आपत्ति का आधार/स्रोत/साक्ष्य

उम्मीदवार का नाम एवं हस्ताक्षर (तिथि सहित)
उम्मीदवार का दूरभाष/मोबाइल सं॰–

20.2.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना